प्रभात खबर
जमशेदपुर, शुक्रवार
04.07.2025 | 02

# एनएसयू के तीन विद्यार्थियों का डॉ. रेड्डी में टेरेटरी मैनेजर पद पर चयन

**जमशेदपुर.** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) के फार्मेसी विभाग के तीन विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित मेडिकल और डायग्नोस्टिक कंपनी डॉ. रेड्डी में टेरेटरी मैनेजर के पद पर हुआ है. चयनित विद्यार्थियों में प्रियंका रॉय, दीपा सोनी और स्नेहा कुमारी शामिल हैं, जो बी.फार्मा (सत्र 2021-25) के अंतिम वर्ष की छात्राएं हैं. इन्हें झारखंड की विभिन्न इकाइयों में 4.5 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर नियुक्त किया गया है. यह चयन विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित ड्राइव के माध्यम से हुआ. विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तकनीकी और संचार कौशल आवश्यक है. इसी उद्देश्य से एनएसयू सॉफ्ट स्किल, आउटसाइड लर्निंग प्रोग्राम और मल्टी-स्टेज इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रम चला रहा है. इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शीर्ष कंपनियों से रोजगार मिलना विश्वविद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और प्रशिक्षण प्रणाली की सफलता का प्रमाण है.